
# खेल जगत



मुझे उम्मीद नहीं थी कि मेरी सर्विस इतनी अच्छी रहेगी। मुझे लगता है कि हर मैच के साथ मेरा खेल बेहतर हो रहा है और आज के प्रदर्शन से मैं बेहद खुश हूं। – आर्यना सबालेंका

विश्व नं.1 खिलाड़ी, फ्रेंच ओपन में क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद बोलते हुए।

**आज का खिलाड़ी** — अतुल वासन



भारत के पूर्व तेज गेंदबाज अतुल वासन ने कहा कि उन्हें वैभव सूर्यवंशी में युवा सचिन तेंदुलकर की झलक दिखती है। उन्होंने कहा कि इस किशोर बल्लेबाज की परिपक्वता, साहस और बेखाफ रवैया उन्हें भारत के 1989 के पाकिस्तान दौरे के दौरान दिग्गज बल्लेबाज तेंदुलकर के शुरुआती दिनों की याद दिलाता है। सूर्यवंशी ने हाल में समाप्त हुए आईपीएल में अपनी विशेष छाप छोड़ी। वह 16 पारियों में 237.30 के प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाकर टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर रहे।

**क्या आप जानते हैं ?...** स्वर्णिम युग (1950–1960 का दशक): भारतीय फुटबॉल के स्वर्णिम काल में, कोच सैयद अब्दुल रहीम के नेतृत्व में भारत ने 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीते।

## आईपीएल 2026 के बीच नई गाइडलाइंस जारी नहीं करता तो हो जाता बड़ा बवाल : सैकिया

नई दिल्ली, 2 जून। आईपीएल 2026 खत्म हो चुका है।रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंसको हराकर लगातार दूसरी बार खिताब जीता। आईपीएलका यह सीजन नियमों के उल्लंघन के कारण भी चर्चा में रहा। जिस वजह से बीसीसीआई को सीजन के बीच में नई गाइडलाइंस जारी करनी पड़ी। जिसमें फ्रेंचाइजियों को हनी ट्रैपिंग के खतरे और बाकी अन्य चंताओं के बारे आगाज किया गया था। अब बीसीसीआई सचवि देवजीत सैकिया ने सीजन के बीच में आठ पन्नों की जारी गाइडलाइंस को लेकर खुलासा किया है। हिन्दुस्तान टाइम्स के अनुसार सैकिया ने बताया कि सीजन के बीच में किस समय उन्हें गाइडलाइंस जारी करने की जरूरत महसूस हुई।



उन्होंने बताया कि जब भ्रष्टाचार-रोधी टीम को कई छोटी-छोटी ऐसी दिक्कतें मिलीं जो बाद में एक बड़ा विवाद बन सकती थी, तो उन्होंने कहा कि हमें शुरू में ही कुछ करना होगा। हमें इसे शुरू में ही खत्म करना होगा। इसलिए जब हमें प्रोटोकॉल के अलग-अलग उल्लंघनों के बारे में स्टेटस या रिपोर्ट मिली, तो हमने के कामकाज में किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने और उससे बचने के लिए एडवाइजरी जारी कीं। सैकिया ने बताया कि एडवाइजरी टूर्नामेंट के पूरे संचालन में एक बेहतरीन कदम साबित हुआ, जिससे एक अच्छा और व्यवस्थित टूर्नामेंट सुनिश्चित हुआ और सभी प्रोटोकॉल का पालन भी हुआ।

हद पार न करें सोशल मीडिया: सीजन के दौरान सोशल मीडिया कंटेंट और रील्स कल्चर को लेकर भी कुछ चिंताएं थीं इस पर उन्होंने कहा कि निजी तौर पर उन्हें इससे कोई परेशानी नहीं है, क्योंकि टेक्नोलॉजी और उन चीजों के साथ चलना ही पड़ता है जो समय के साथ अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर लोकप्रिय हो रही हैं। उन्होंने कहा कि जब 2008 में शुरू हुआ था या उसके बाद अगले 12-13 सालों तक, किसी ने भी सोशल मीडिया या ऐसी किसी भी चीज के बारे में नहीं सोचा था, लेकिन अब यही चलन है।

इसलिए खुद को इस चलन के हिसाब से ढालना होगा, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि कोई भी टीम की मीटिंग या टीम की गतिविधियों में या बसों में, या उन जगहों पर दखल दे जहां किसी भी गैर-अधिकृत व्यक्ति को जाने की इजाज़त नहीं है। उन्होंने कहा कि बोर्ड बस यह पक्की कर रही हैं कि सोशल मीडिया अपनी हद पार न करें। बस इसी एक चीज की उन्हें चिंता है।

## साईराज बहुतुले बने टीम इंडिया के स्पिन गेंदबाजी कोच



नई दिल्ली, 2 जून।भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कोचिंग स्टाफ में आगामी सीजन से पहले बदलाव देखने को मिला है। पूर्व क्रिकेटर सैराज बहुतुले को स्पिन बॉलिंग कोच बनाया गया है। उन्हें अफगानिस्तान के साथ घर पर होने वाले टेस्टसे पहले कोचिंग स्टाफ में जगह दी गई। वे पहली बार नियमित तौर पर टीम इंडिया के साथ काम कर चुके हैं। इससे पहले अस्थायी तौर पर उन्होंने काम किया है। बहुतुले हाल ही में आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स के साथ बतौर कोच काम कर रहे थे। यहां पर भी वे स्पिन बॉलिंग कोच थे। 2026 के सीजन से पहले वे इस फ्रेंचाइज के साथ जुड़े थे। इससे पहले 2025 आईपीएल सीजन में वे राजस्थान रॉयल्स के साथ स्पिन बॉलिंग कोच के तौर पर काम कर चुके हैं। 2018 से 2021 के बीच भी वे इस भूमिका में राजस्थान के साथ रहे हैं। 2021 में बहुतुले इंडिया ए के कोचिंग स्टाफ में चले गए थे। इसके बाद 2022 में आयरलैंड दौरे व न्यूजीलैंड दौरे और 2023 एशियन गेम्स में भारतीय टीम के साथ बतौर कोच गए थे।

कैसा रहा है सैराज बहुतुले: 53 साल के बहुतुले ने 1997 से 2003 के बीच भारत के लिए दो टेस्ट, आठ वनडे मुकाबले खेले हैं। इनमें कुल पांच विकेट उन्हें मिले। घरेलू क्रिकेट में वे मुंबई की तरफ से खेले और 188 फर्स्ट क्लास मैच में 630 विकेट लिए। वे लंबे समय तक घरेलू क्रिकेट में दबदाब रखने वाली टीम मुंबई टीम के साथ रहे। क्यों पड़ी स्पिन बॉलिंग कोच की जरूरत: भारत का स्पिन बॉलिंग अटैक अब नया है। टेस्ट में पुराने नामों में सिर्फ रवींद्र जडेजा ही है। आर अश्विन रिटायर हो चुके हैं। पिछले दो साल में देखा गया है कि भारतीय स्पिनर्स को घर पर ही वैसी सफलता नहीं मिल रही जैसी विदेशी स्पिनर ले रहे हैं। भविष्य को देखते हुए टीम इंडिया में मानव सुथार, हर्ष दुबे को बतौर स्पिनर चुना गया है। ऐसे में इन्हें गाइड करने के लिए बहुतुले की नियुक्ति हुई है। उनके पास भारतीय पिचेज पर खेलने का अपार अनुभव है जो कारगर साबित हो सकता है।

## महिला नेशंस कप के लिए भारतीय हॉकी टीम घोषित, सलीमा टेटे को मिली कप्तानी

नई दिल्ली, 2 जून । हॉकी इंडिया ने मंगलवार को 15 से 21 जून तक न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में आयोजित होने वाले एफआईएच महिला हॉकी नेशंस कप 2025-26 के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कमान एक बार फिर सलीमा टेटे को सौंपी गई है। भारत को प्रतियोगिता के पूल-ए में जापान, अमेरिका और उरुग्वे के साथ रखा गया है। टीम इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया दौरे से मिली सकारात्मक सीख और आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। हाल ही में पर्थ में खेले गए चार मैत्री मैचों की श्रृंखला में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-2 की बराबरी हासिल की थी। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी अनुभवी सविता और बिचू देवी खारीबाम संभालेंगी। रक्षा पंक्ति में सुशीला चानू पुखरामबाम, ईशिका चौधरी, निक्की प्रधान और ज्योति जैसी अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। वहीं लालथांतलुआंगी और शिल्पी डाबस भी टीम का हिस्सा हैं, जिन्होंने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सीनियर टीम में पदार्पण किया था। मध्यपंक्ति की अगुवाई कप्तान सलीमा टेटे करेंगी। उनके साथ नेहा, सुनेलिता टोप्पो, साक्षी राणा और दीपिका सोरेंग जैसी खिलाड़ी टीम को मजबूती देंगी।

## प्रज्ञानानंद ने अलीरजा को हराया

ओस्लो (नॉर्वे), 2 जून । नॉर्वे शतरंज 2026 के सातवें दौर में रोमांच चरम पर रहा। इस दौर में एक मुकाबले का फैसला क्लासिकल शतरंज में हुआ, जबकि दो अन्य मुकाबलों का नतीजा आर्मागेडन टाईब्रेकर से निकला। सोमवार को खेले गए सातवें दौर में दिन का सबसे बड़ा उलटफेर भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद ने किया। उन्होंने क्लासिकल मुकाबले में अलीरजा फिरोज़जा को पराजित कर खिताबी दौड़ को और रोमांचक बना दिया।

## सेरेना की टेनिस कोर्ट पर महा-वापसी

### 44 साल की उम्र में क्वीन्स क्लब टूर्नामेंट से करेगी शुरुआत



नई दिल्ली, 2 जून।टेनिस जगत के प्रशंसकों के लिए एक बेहद चौंकाने वाली और ऐतिहासिक खबर सामने आई है। दुनिया की महानतम टेनिस खिलाड़ियों में शुमार अमेरिका की सेरेना विलियम्स लगभग चार साल तक खेल से दूर रहने के बाद एक बार फिर पेशेवर टेनिस कोर्ट पर वापसी करने जा रही हैं।

44 साल की उम्र में सेरेना आगामी क्वीन्स क्लब टूर्नामेंट से अपने रैकेट का दम दिखाएंगी। महिला टेनिस संघ ने सोमवार को आधिकारिक घोषणा की कि 23 बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन सेरेना विलियम्स ने इस प्रतिष्ठित ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट में खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड स्वीकार कर लिया है। क्वीन्स क्लब टूर्नामेंट अगले सोमवार से शुरू होगा। उनके युगल जोड़ीदार के नाम की हालांकि घोषणा अभी नहीं की गई है। सेरेना ने पिछली बार 2022 यूएस ओपन में प्रतिस्पर्धी मुकाबला खेला था। उस समय उन्होंने टेनिस को अलविदा कहने की बात तो की थी, लेकिन 'संन्यास' शब्द का इस्तेमाल करने से बचते हुए कहा था कि वह टेनिस से आगे बढ़ रही हैं। सेरेना 23 ग्रैंड स्लैम एकल खिताबों के अलावा 14 ग्रैंड स्लैम युगल खिताब भी जीत चुकी हैं।

उन्होंने फरवरी में प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी के लिए पात्रता हासिल की थी। इसके लिए उन्होंने छह महीने पहले अनिवार्य डोपिंग रोधी कार्यक्रम में दोबारा पंजीकरण कराया था, जो वापसी की दिशा में पहला कदम माना जाता है। ग्रास कोर्ट पर वापसी के बाद यह अटकलें भी तेज हो गई हैं कि सेरेना विंबलडन में भी खेल सकती हैं, जिसकी शुरुआत 28 जून से होगी। वह विंबलडन में सात बार एकल खिताब जीत चुकी हैं।

## जयपुर सिटी ने रियल जयपुर को 4-0 से हराया, मगन सिंह राजवी अकादमी ने रॉयल क्लब को 3-0 से मात दी

### प्रथम राजस्थान सीनियर विमेंस फुटबॉल लीग

जयपुर, 2 जून। राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वावधान में राजस्थान यूनाइटेड फुटबॉल क्लब ग्राउंड, जयपुर पर आयोजित प्रथम राजस्थान सीनियर विमेंस फुटबॉल लीग के आठवें दिन दो मुकाबले खेले गए। फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने जानकारी देते हुए बताया कि :-

**पहला मैच:** सुबह 7:00 बजे जयपुर सिटी फुटबॉल क्लब एवं रियल जयपुर क्लब के मध्य खेला गया। जयपुर सिटी ने शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाते हुए 4-0 से एकतरफा जीत दर्ज की। गोल स्कोरर: मंजू (5, 90, हेमलता (18), सोनिका (52) गोल किए। प्लेयर ऑफ द मैच: मंजू (जयपुर सिटी क्लब)।

**दूसरा मैच:** शाम 4:00 बजे मगन सिंह राजवी अकादमी एवं रॉयल फुटबॉल क्लब, जयपुर के बीच खेला गया। मगन सिंह राजवी अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-0 से मुकाबला अपने नाम किया। **गोल स्कोरर:** लक्ष्मी (26), मंजू कंवर (67), नीतू (76), प्लेयर ऑफ द मैच: मंजू कंवर (एमआरएस अकादमी)।



मैच अधिकारी: मैच कमिश्नर की भूमिका अमर सिंह ने निभाई, जबकि निर्णायक की जिम्मेदारी अवकाश दायमा, जावेद, अंकित शर्मा और पवन कुमार ने संभाली।

## एमबी क्रिकेट अकादमी जीती



जयपुर, 2 जून। अंडर-16 समर कप में अरावली क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 261 रन 3 विकेट के नुकसान पर बनाएं। जगनूर सिंह ने 97, आयुष चौधरी ने 50, अंशु ने 40 और चिराग यादव ने 36 रनों का योगदान दिया। एमबी क्रिकेट अकादमी की ओर से आर्यन सिंह और आदित्य ने 1-1 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमबी क्रिकेट अकादमी ने 39 ओवर में 262 रन 6 विकेट के नुकसान पर बना कर जीत हासिल कर ली। आदित्यराज बड़सरा ने सर्वाधिक 145 रनों का योगदान दिया। अरावली क्रिकेट अकादमी की ओर से प्रियंक पारीक और राकेश ने 2-2 विकेट लिए। आदित्यराज बड़सरा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता : उदयपुर में खेले गए मैचों में धौलपुर, श्रीगंगानगर व नागौर जीती

जयपुर 2 जून । राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आज उदयपुर में खेले गए राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता में धौलपुर, श्रीगंगानगर व नागौर जीती। महिपाल लोमरोर, सुमित गोदारा के शतक , दर्शन जैन, कार्तिकेय चौधरी, निखिल सचदेव, अकरम, समर्पित जोशी, राहुल तोमर ने अर्धशतक लगाए। विनायक तिवारी, पूनम पुनिया, जयदीप सिंह, निखिल शुक्ला, सलाउद्दीन की शानदार गेंदबाजी रही।

उदयपुर में खेले गए मैचों का परिणाम :- ( बारिश के कारण मैच ओवर की संख्या पुन: निर्धारित )

वंडर अकादमी ग्राउंड बांसवाड़ा - नागौर, 33 ओवर मैच, नागौर 9 विकेट से जीती। बांसवाड़ा पारी 189 /8, टीम के लिए दर्शन जैन 67 रन। नागौर के गेंदबाज जयदीप सिंह 41/3, महेंद्र मेहला 37/2 विकेट।नागौर पारी 190 /1, टीम के लिए महिपाल लोमरोर 102 , कार्तिकेय चौधरी नाबाद 53 व अरुण शर्मा नाबाद 28 रन।

वंडर ग्राउंड 2 श्रीगंगानगर -उदयपुर (0 ओवर ) श्रीगंगानगर 65 रन से जीती। श्रीगंगानगर पारी 236 /5, टीम के लिए सुमित गोदारा 111 , अकरम 77 रन। उदयपुर के गेंदबाज निखिल शुक्ला 43 /3, उदयपुर पारी 171 /9, टीम के लिए निखिल सचदेव 66 व समर्पित जोशी 52 रन। श्रीगंगानगर के गेंदबाज पूनम पूनिया 28 /4 , सलाऊद्दीन 34 /3 व मनीष आचार्य 28 /2 विकेट।

क्लब क्रिकेटोलॉजी पाली -धौलपुर (20 ओवर ) धौलपुर 5 विकेट से जीती। पाली पारी 148 आल आउट। टीम के लिए मितेश जांगिड़ 48 , मोहित व हर्ष 27 /27 रन। धौलपुर के गेंदबाज विनायक तिवारी 28 /5 , अनूप 18 /2 विकेट। धौलपुर पारी 154 /5, टीम के लिए राहुल तोमर 50 , अमित गौतम 36 , देवांश सिंह नाबाद 30 रन।

## आकिब-प्रिंस समेत छह गेंदबाजों को बीसीसीआई से बुलावा आया

नई दिल्ली, 2 जून। आईपीएल 2026 खत्म हो चुका है और लीग खत्म छह गेंदबाजों को बीसीसीआई ने अफगानस्तिान के खलिाफ टेस्ट के लिए बुलाया गया है। इन छह में से चार गेंदबाज आईपीएल का 19वां सीजन खेले थे। आकिब नबी और प्रिंस यादवउन छह नेट गेंदबाजों में शामिल हैं, जो 6 जून से न्यू चंडीगढ़ में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच की तैयारी में भारत की मदद करेंगे। उनके अलावा सीमर गुरजपनीत सिंह और स्पिनर शिवांग कुमार, सारांश जैन और ज़ीशान अंसारी को भी बतौर नेट बॉलर बुलाया गया है। प्रिंस टेस्ट सीरीज के बाद होने वाली तीन मैचों की सीरीज के लिए टीम का हिस्सा हैं, जबकि नबी पिछले कुछ सीजन में जम्मू-कश्मीर के लिए अपने शानदार प्रदर्शन, रणजी ट्रॉफी जीत में, टेस्ट टीम में जगह बनाने के प्रबल दावेदार थे।

## योग्या और दक्षिणा ने बनाए नए रिकॉर्ड



जयपुर, 2 जून। एसएमएस स्टेडियम तरणताल में आयोजित 75वीं सीनियर स्टेट एक्वेटिक चैंपियनशिप 2026 के दूसरे दिन भीलवाड़ा की योग्या सिंह और टोंक की दक्षिणा जोशी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नए रिकॉर्ड स्थापित किए।

योग्या सिंह ने महिला 50 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 27।90 सेकंड का समय निकालकर नया रिकॉर्ड बनाया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं दक्षिणा जोशी ने महिला 100 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में 1:06।16 मिनट का समय दर्ज कर पुराना रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। जयपुर जिला तैराकी संघ के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में मंगलवार को लगभग 15 स्पर्धाएं आयोजित की गईं।

महिला वर्ग की अन्य स्पर्धाओं में धौलपुर की रतिका खटा ने 400 मीटर फ्रीस्टाइल में 4:57।44 मिनट का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि धौलपुर की ही परी भोजवानी ने 800 मीटर फ्रीस्टाइल में 10:49।71 मिनट का समय निकालकर स्वर्ण पदक हासिल किया। योग्या सिंह ने 50 मीटर बैकस्ट्रोक में 32।16 सेकंड का समय लेकर दिन का अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही उन्होंने दो दिनों में कुल तीन स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिए हैं। 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक का स्वर्ण पदक उदयपुर की विदी सनाढ्य ने 3:03।80 मिनट के समय के साथ जीता। वहीं 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में रतिका खटा ने 2:38।59 मिनट का समय निकालकर अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता।



पुरुष वर्ग में यश तिवारी ने 50 मीटर फ्रीस्टाइल में 24।37 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि भीलवाड़ा के मोहम्मद अनस ने 400 मीटर फ्रीस्टाइल में 4:29।22 मिनट का समय लेकर खिताब अपने नाम किया। जोधपुर के हिमांशु सियाग ने 800 मीटर फ्रीस्टाइल में 9:30।33 मिनट का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता।

सीकर के गुरवीत कसवां ने 50 मीटर बैकस्ट्रोक में 29।40 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। टोंक के सृजन सिंह देओल ने 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में 2:29।35 मिनट का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं कोटा के कनिष्क नागर ने 100 मीटर बटरफ्लाई में 1:00।46 मिनट का समय निकालकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। कनिष्क ने 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में 2:23।66 मिनट का समय लेकर दूसरा स्वर्ण पदक भी जीता। 4100 मीटर मिक्स्ड मेडले रिले में जयपुर के कृष्णादित्य, गौरांग, हारिका और यान्या की टीम ने 4:27।34 मिनट का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता।

अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर पूर्व महापौर एवं विधायक अशोक परनामी, पुलिस महानिरीक्षक हेमंत कुमार शर्मा तथा राजस्थान स्विमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल व्यास भी उपस्थित थे।


**कार्यालय नगरपालिका, रतननगर (चूरू)**
फोन नं– 01562–281224 ईमेल– mun_rnagar@yahoo.in
Date : 27-05-2026
**Notice Inviting Bid**
Bids for of STREET LIGHT RATE CONTRACT (AMC) work invited from interested bidders upto 11:00 AM 05.06.2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state official website.
UBN is: DLB2627SLRC06000
Raj.Samwad/C/26/3904
Executive officer, Municipal Board, Ratannagar

**कार्यालय नगरपालिका, रतननगर (चूरू)**
फोन नं– 01562–281224 ईमेल– mun_rnagar@yahoo.in
Date : 28-05-2026
**Notice Inviting Bid**
Bids for of Trector trolly work invited from interested bidders upto 01:00 PM 09.06.2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state official website.
UBN is: DLB2627SLRC06001, DLB2627SLRC06002
Raj.Samwad/C/26/3905
Executive officer, Municipal Board, Ratannagar

**Municipal Board Of Bagru (Jaipur)**
क्रमांक:– न.पा.ब./2026–27/146 दिनांक :– 26.05.2026
**:: E- Notice Inviting Bid ::**
Bid for Municipal Board Of Bagru For Works (01) Date 26.05.2026 invited form interested bidders Date 04.06.2026 Upto 6:00 AM Other particulars of the bid may be invited on the procurement portal, http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in of the state.
UBN CODE :- DLB2627WSOB05747
Raj.Samwad/C/26/3931
Executive officer, Nagar palika Bagru

**AJMER VIDYUT VITRAN NIGAM LIMITED**
Corporate Identification Number (CIN) – U40109RJ2000SGC016482 (Regd. Office: Vidyut Bhawan, Panchsheel Nagar, Makarwali Road, Ajmer-305004) Office of The Superintending Engineer (MM) Vidyut Bhawan, Panchsheel Nagar, Makarwali Road, Ajmer-305004)
**SHORT TERM "E" TENDRING INVITING TENDER NOTICE**
"E"- Tendering are invited for Supply Rain Coats TN-2129, Screw Driver-4x150 mm., Screw Driver-6x200 mm., Screw Driver-8x300 mm., Spanner Set- Ring Spanner, Spanner Set- D Spanner, Insulated Plier, Phase Tester TN-2130, Safety Belt TN-2131, Rubber Hand Gloves TN-2132, Operating Rod TN-2133, Silicon Resuscitators TN-2134, 11 Fire Extinguishers TN-2135, Voltage Detector TN-2136, EMD and date of uploading/opening of tender and G.C.C. etc WILL be available at web site www.avvnl.com & http://eproc.rajasthan.gov.in.
UBN : AVV2627GLOB00017
Raj.Samwad/C/26/3958
Superintending Engineer (MM), AVVNL, Ajmer

**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**
क्रमांक :- जोविप्रा/2026-27/432 दिनांक :- 27/05/2026
**ई-निविदा सूचना संख्या- मुख्यालय/10/2026-27**
जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से प्राधिकरण एवं राजकीय विभाग में उपयुक्त श्रेणी मे पंजीकृत संवेदक जिनका पंजीयन नियमानुसार पुनरावलोकन (Review) किया हुआ हो, से निर्धारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जो निम्नलिखित दिनांक अनुसार डाउनलोड तथा खोली जायेगी। इन कार्य की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.jodhpurjda.org, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।
UBN No. :- JOD2627WSOB00099
राज.संवाद/सी/26/3966
अधिशाषी अभियंता

**कार्यालय नगर परिषद सवाई माधोपुर–राज0**
क्रमांक:न.प.स.मा./स्टोर शाखा/2025–26/2176 दिनांक:– 18.05.2026
–::निविदा सूचना वर्ष 2026–27 ::–
केन्द्र एवं राज्य सरकार में उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर पालिका/परिषद/निगम/स्वायत्त शासन विभाग के निविदाताओं से आयुक्त/अधिशाषी अभियन्ता द्वारा सम्बन्धित निविदा आमंत्रित की जाती है कार्य की अनुमानित लागत 50.00 लाख है। टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारिख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण राजस्थान सरकार के पोर्टल Website:- www.sppp.raj.nic.in, www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
स्टेट पब्लिक प्रोक्योरमेंट का NIB Code-DLB2627A2363
UBN Code-DLB2627LOB05933
राज.संवाद/सी/26/3998
आयुक्त, नगर परिषद, सवाई माधोपुर

**राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर**
क्रमांक: वि.सं. 04/Exam/SSO/Home(Gr.-I)/RPSC/EP-1/2026-27 दिनांक : 02.06.2026
आयोग द्वारा राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, जयपुर, राजस्थान के लिए राजस्थान फोरेंसिक विज्ञान सेवा नियम, 1979 के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (विभिन्न 03 खण्ड) के कुल 03 पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। शैक्षणिक योग्यता, आवेदन प्रक्रिया व अन्य विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी उक्त पदों हेतु आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन करें। उक्त पदों हेतु आयु सीमा, आवेदन अवधि व अन्य विवरण निम्नानुसार है :-

| | |
|---|---|
| आयु सीमा | दिनांक 01.01.2027 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष से कम होनी चाहिये। |
| आवेदन अवधि | दिनांक 11.06.2026 से दिनांक 10.07.2026 रात्रि 12-00 बजे तक। |
| परीक्षा का स्थान व माह | परीक्षा स्थान व तिथि के संबंध में यथासमय सूचित कर दिया जायेगा। |

अन्य बिन्दु व सूचना:- परीक्षा से संबंधित अन्य बिन्दु व सूचना के लिए आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन एवं संबंधित सेवा नियमों का अध्ययन आवश्यक रूप से कर लें। इसके अतिरिक्त उक्त परीक्षा के संबंध में समय-समय पर जारी सूचनाओं का अवलोकन आयोग की वेबसाईट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्ग निर्देशन / सूचना/ स्पष्टीकरण हेतु राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के परिसर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष सं. 0145-2635212 एवं 2635200 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को सम्बोधित किया जाए।
DIPR/C/............/2026
(रामनिवास मेहता) सचिव

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल बाड़ी, जिला–धौलपुर (राज.)**
क्रमांक :– न.प.बा./2026–27/3950–52 दिनांक :– 27.05.2026
**निविदा आमंत्रण सूचना**
नगर पालिका बाड़ी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु उपर्युक्त श्रेणी के पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रकिया हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। वेबसाईट पर तकनिकी बिड दिनांक 05.06.2026 एवं वित्तीय बिड तकनीकी जॉच उपरान्त खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन को अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर निविदा खोली जावेगी। निविदा के संबंध में अधिक जानकारी हेतु http://sppp.rajasthan.gov.in & http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| Sr.No. | UBN no./NIB Code | eProc. Tender ID | Estimated Cost |
|---|---|---|---|
| 1 | DLB2627WSOB05820 | 2026_DLB_562752_1 | 12.35 लाख |
| 2 | DLB2627WSOB05822 | 2026_DLB_562770_1 | 12.21 लाख |
| 3 | DLB2627WSOB05823 | 2026_DLB_562783_1 | 08.77 लाख |
| 4 | DLB2627WSOB05825 | 2026_DLB_562839_1 | 11.29 लाख |
| 5 | DLB2627WSOB05826 | 2026_DLB_562847_1 | 12.55लाख |
| 6 | DLB2627WSOB05827 | 2026_DLB_562853_1 | 10.57 लाख |
| 7 | DLB2627WSOB05828 | 2026_DLB_562870_1 | 13.33 लाख |

राज.संवाद/सी/26/3930 अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल बसेडी, धौलपुर (राज.)**
Email id :- baseri.jaipur21@gmail.com
क्रमांक:– न.पा.ब./निर्माण/2026/678 दिनांक:– 27.05.2026
**ई–निविदा सूचना संख्या 02/2026–27**
**आमंत्रण सूचना**
नगरपालिका द्वारा निम्न कार्य हेतु केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के विभागो में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के अन्तर्गत ऑनलाइन आमन्त्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने की तिथि 22.05.2026 समय दोपहर 02.00 बजे से प्रारम्भ की जाकर निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 04.06.2026 समय सांय 06.00 बजे तक होगी। एवं निविदा दिनांक 08.06.2026 को खोली जावेंगी। तकनीकी निविदा में सफल संवेदकों की ही वित्तीय विड खोली जावेंगी।
निविदा फॉर्म ऑनलाईन बेवसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड व डाउनलोड की जायेंगी। तथा ऑनलाईन बेवसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी निविदा शर्ते देखी जा सकती है।

| Sr.No. | UBN no. | Tender Id | Estimated Cost |
|---|---|---|---|
| 1 | DLB2627WSRC05423 | 2026_DLB_561666_1 | 49.33 lacs |

राज.संवाद/सी/26/3918
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बसेडी

**कार्यालय नगर परिषद टोंक**
क्रमांक :–न.प.टोंक/निर्माण/2026–27/3003 दिनांक :– 27.05.2026
**NOTICE INVITING TENDERS THROUGH NIT No 16 to 19/ 2026-27**
Bids are invited from interested bidders from 29.05.2026 (10.00AM) to 09.06.2026 (6.00PM) as per following details. Other particulars of he bid may be visited on procurement portal (www.Sppp.Rajasthan.gov.in) of the state
NIB No. DLB2627A22742354,2356,2358,2360

| NIT No. | Name of work | UBN No. |
|---|---|---|
| 16 /2026-27 | नगर परिषद क्षेत्र मे वार्ड नं. 01 से 30 तक विभिन्न स्थानो पर झिकरा/मिटटी डालने एवं फैलाने का कार्य। (अनुमानित राशि 30.00 लाख) | DLB2627WSOB05921 |
| 17/2026-27 | नगर परिषद क्षेत्र मे वार्ड नं. 31 से 60 तक विभिन्न स्थानो पर झिकरा/मिटटी डालने एवं फैलाने का कार्य। (अनुमानित राशि 30.00 लाख) | DLB2627WSOB05923 |
| 18/2026-27 | नगर परिषद क्षेत्र मे वार्ड नं. 01 से 30 तक विभिन्न स्थानो पर हुमपाईप डालने एवं फिक्सिंग करने का कार्य। (अनुमानित राशि 10.00 लाख) | DLB2627WSOB05926 |
| 19/2026-27 | नगर परिषद क्षेत्र मे वार्ड नं. 31 से 60 तक विभिन्न स्थानो पर हुमपाईप डालने एवं फिक्सिंग करने का कार्य।(अनुमानित राशि 10.00 लाख) | DLB2627WSOB05930 |

Date & time of opening of tender 10.06.2026 at 3.00PM
राज.संवाद/सी/26/3997
आयुक्त, नगर परिषद, टोंक

**कार्यालय नगरपालिका टोडारायसिंह जिला टोंक (राज.)**
E-Mail – nptodaraisingh@gmail.com Ph. – 01433-294303
क्रमांक : न.पा.टो./ विकास/ई निविदा/2026–27/1010 दिनांक :– 29.05.2026
**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या (07/2026–27)**
एतद्द्वारा यह है कि राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध हैं एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में आकर देखी जा सकती है।

| | |
|---|---|
| NIB NO | DLB2627A2425 |
| UBIN NO | DLB2627WSOB06045 |
| निविदा के कुल कार्य | 01 (एक) |
| निविदा की अनुमानित लागत | राशि रू. 13.06 (लाखों में) |
| निविदा जारी करने की दिनांक | 29.05.2026 |
| निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने की शुरूआती दिनांक व समय | 29.05.2026 6:00 PM |
| निविदा दस्तावेजों को अपलोड करने हेतु अन्तिम दिनांक व समय | 04.06.2026 06:00 PM |
| निविदा शुल्क के डी.डी./दस्तावेज जमा करवाने हेतु दिनांक व समय | 05.06.2026 11:00 AM |
| तकनिकी बिड खोलने की दिनांक व समय | 05.06.2026 2:00 PM |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | Will be Intimated Latter to the technically Qualified Bidders |
| बिड की वैधता समयावधि | 180 दिन |

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाखो में) | धरोहर राशि (2 प्रतिशत) | निविदा शुल्क | MD. RISL शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पालिका क्षेत्र में स्थित विभिन्न नालो की सफाई कार्य। | 13.06 | 26129 | 500 | 500 | 1 माह |

राज.संवाद/सी/26/3947 अधिशाषी अधिकारी

Visit us : www.mpuat.ac.in; Mail ID : zdr_arsb@yahoo.com; Mo. No.: 8112207969 @ 9414389929
**कृषि अनुसंधान केन्द्र, दाहोद रोड़, बोरवट फार्म, बाँसवाड़ा(राज.) 327 001**
**(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर)**
क्रमांक : एफ( )/कृअके/2026–27/72–77 दिनांक : 02/06/2026
**निविदा सूचना (2026–27)**
कृषि अनुसंधान केन्द्र, बांसवाडा, के लिये कृषि कार्य हेतु पंजीकृत संवेदक/ठेकेदार से अपेक्षित अनुभव क्षमताओं के साथ मासिक कार्य/कार्यानुसार हेतु खुली निविदाएं बंद लिफाफों में आमंत्रित की जाती है। पंजीकृत संवेदक/ठेकेदारों को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग सील बन्द लिफाफों में देनी होगी। निविदा प्रारूप, सम्पूर्ण नियम एवं शर्ते विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpuat.ac.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। निविदा प्रारूप प्राप्ति की अन्तिम तिथि 10.06.2026 प्रातः 11.00 बजे तक रहेगी। उक्त निविदाएं उसी दिन प्रातः 11.30 बजे तक जमा की जाकर मध्याहन 12.00 बजे कमेटी की उपस्थिति में खोली जावेगी। निविदा प्रारूप जमा करवाते समय कार्य के सामने वर्णित निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करवानी होगी।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | निविदा शुल्क (रू.) |
|---|---|---|---|
| कृषि अनुसंधान केन्द्र, पर कपास एवं बी.टी. कपास परियोजना में कृषि कार्य (3.0 हेक्टेयर) | 7,20,000/– | 14,500/– | 500/– |

संभागीय निदेशक अनुसंधान